दिनांकः- 22.03.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## `गुड मॉर्निंग महोबा` कार्यक्रम के तहत जनपदीय पुलिस ने 'मार्निंग वॉक' कर जाना जनपदवासियों का हाल

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव की पहल पर जनपद में संचालित किये जा रहे *गुड मार्निंग महोबा* कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 22.03.2021 को जनपदीय पुलिस ने `गुड मॉर्निंग महोबा` कहकर लोगों का अभिवादन किया और क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक कर रहे बड़े/बुजुर्ग/महिलाऐं/बच्चो से बात की व उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया। समस्त थानों की गुड मार्निंग टीमों द्वारा छात्र/छात्राओं से मार्निंग वाक के दौरान उनकी पढ़ाई/परीक्षाओं की तैयारियों के बारे में भी वार्ता की गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा का अहसास कराया गया। इस पहल से जनपदवासियों एवं पुलिसकर्मियों के मध्य संवाद हो रहा है, जिससे महोबा पुलिस की छवि 'मित्र पुलिस' के रूप में उभर रही है। 'गुड मॉर्निंग महोबा' कार्यक्रम पुलिस और नागरिकों के बीच संवाद की कमी को भी दूर कर रहा है।










दिनांक:- 22.03.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## थाना अजनर पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगा रहे अभियुक्तों को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम एंव क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री राजकुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान के क्रम में दिनाँक 21.03.2021 को **SHO** अजनर श्याम प्रताप पटेल द्वारा गठित टीम ने मुखबिर खास सूचना पर थाना अजनर ग्राम पुरवा पनवाडी में सुखलाल ढीमर के बाडे में ताश के पत्तो से हार-जीत की वाजी लगाकर जुआ खेलते हुए अभियुक्तगण क्रमशः 1.सचिन पुत्र बाबूलाल पटैरिया उम्र 32 वर्ष 2. पन्ना पुत्र नाथू राम साहू उम्र 24 वर्ष 3.रामकुमार पुत्र रामदीन अहिरवार उम्र 44 वर्ष 4.काशीप्रसाद पुत्र राजाराम पाल उम्र 45 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार हुये अभियुक्तो के कब्जे से माल मालफड़ 1000/- रु. व जामातलाशी 600 रु. योग 1600 रु. व 52 अदद ताश पत्ते बरामद किये गये, जिस पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 48/2021 धारा 13 **G ACT** पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

### गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण-

1.उ.नि. श्री हरिश्चन्द्र मिश्रा

2.का.राममिलन 3. का. धर्मेन्द्र कुमार

4.का. चन्दन पांचाल 5.का.सुभाष चन्द्र

### गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों का विवरण...।

1. सचिन पुत्र बाबूलाल पटैरिया उम्र 32 वर्ष ..
2. पन्ना पुत्र नाथू राम साहू उम्र 24 वर्ष ...
3. रामकुमार पुत्र रामदीन अहिरवार उम्र 44 वर्ष ...
4. काशीप्रसाद पुत्र राजाराम पाल उम्र 45 वर्ष

निवासीगण समस्त ग्राम पुरवापनवाडी थाना अजनर जिला महोबा।



Mahoba Police

## “मिशन शक्ति” अभियान के तहत छात्राओ को सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक...।



आज दिनाँक **22.03.2021** को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे “मिशन शक्ति” महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक रचना सिंह मय टीम के साथ चन्द्रकुंवर तिवारी पब्लिक स्कूल, महोबा में आयोजित मिशन शक्ति जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित बालिकाओं को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया, जिसमें कहा कि सभी छात्रायें अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरुक रहें आज के समय में छात्रायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है आप अपनी शक्ति को पहचाने।





इसी क्रम में कहा कि स्कूल आते जाने समय हमेशा सतर्क रहें और रास्ते में यदि कोई आपका पीछा करता है या कोई अपशब्द/अश्लील बातें या फब्तियां कसता है तो आप सभी को अपने सम्मान, अपनी सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरुक होकर तत्काल असामाजिक तत्वों के विरुद्ध हेल्पलाइन नम्बरों- **112, 1090, 1076** या अपने नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दें या फिर पुलिस के ट्वीटर हैंडल **@mahobapolice** का भी प्रयोग कर शिकायत दर्ज कराते हुये शोहदों को उनका सबक सिखायें इसी क्रम में सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी देते हुये सभी को मिशनशक्ति जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया।

## शोहदों से आपको डरना नहीं बल्की लडना है...एण्टी रोमियो स्क्वॉड

आज दिनांक 22.03.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा की भावना और अधिक सुदृढ किये जाने के उद्देश्य से प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वाड निरीक्षक श्रीमती रचना सिंह ने म0कां0 रेखा देवी व साधना यादव की टीम के साथ जनपद स्तर पर गठित एण्टीरोमियो स्क्वॉड सक्रिय रुप से कार्यवाही कर रहे हैं टीम द्वारा कोचिंग सेन्टरों/स्कूल/कॉलेजेस/विभिन्न सार्वजनिक स्थानो आदि के आसपास अनावश्यक रुप से चहलकदमी करने वाले मनचलों /संदिग्ध युवको की चैकिंग कर सख्त हिदायत दी जा रही है।

बालिकाओं/छात्राओं से पूंछा जा रहा है कि वह कौन-कौन से स्थान हैं जहां पर मनचलों द्वारा उनको परेशान किया जाता है, फब्तियां कसी जाती हैं तथा कहां पर छात्राओं को एण्टीरोमियो टीम की आवश्यकता ज्यादा महसूस होती हैं ..? जिससे ऐसे स्थानों को चयनित कर शोहदों के विरुद्ध प्रभावी विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा सके।

इसी क्रम में एण्टी रोमियो टीम द्वारा सभी बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक भी किया जा रहा है जिसमें उनको हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देते हुये सभी को महिला कानूनों के बारे में भी बताया जाता है तथा उनसे एक साथ तीन सवारी बैठकर सफर न करने की हिदायत भी दी जा रही है।



## आगामी त्योहार होली, शबे-बरात, गुड फ्राइडे एवं पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपदीय पुलिस द्वारा पैदल गस्त के दौरान चलाया सघन चेकिंग अभियान एवं शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया





आज दिनाँक 22.03.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में आगामी त्योहार होली, शबे-बरात, गुड फ्राइडे एवं पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने क्षेत्रातंर्गत जनमानस के मध्य सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से पैदल गस्त किया गया। पैदल गस्त के दौरान सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसके तहत थानों द्वारा क्षेत्र के असामजिक तत्वों, संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गई। इसके साथ ही मुख्य बाजार/शराब की दुकाने/भांग की दुकाने आदि की चेकिंग की गई । यातायात नियमो के तहत 41 ई-चालान भी किये गये। साथ ही लोगो से वार्ता की भी गई।इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र में शराब की दुकानों पर अवैध/मिलावटी शराब बिक्री की रोकथाम हेतु निरीक्षण किया गया व आवश्यक दिश-निर्देश दिये गये।









Mahoba Police

Mahoba Police